# वीतराग पथ पर कार्यशाला का आयोजन





**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** युगप्रधान आचार्य श्री महाश्रमण जी की सुशिष्या साध्वी सिद्ध प्रभा जी एवं साध्वी उदित यशा जी के पावन सानिध्य और अभातेयुप के निर्देशन में तेयुप राजाजीनगर द्वारा बेंगलूरु स्तरीय वीतराग पथ कार्यशाला का आयोजन अभातेयुप वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन मांडोत की अध्यक्षता में राजाजीनगर में किया गया। सामूहिक नमस्कार महामंत्र से कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। भिक्षु श्रद्धा स्वर समुह द्वारा विजय गीत का संगान किया गया। राजाजीनगर सभा अध्यक्ष रोशनलाल कोठारी एवं तेयुप अध्यक्ष कमलेश गन्ना ने अपने विचार व्यक्त करते हुए सभी का स्वागत किया।

साध्वी सिद्ध प्रभा जी ने फरमाया कि हम सब का परम लक्ष्य राग से वीतराग की ओर कैसे बढ़े एवं संयम मय जीवन कैसे जिये इस पर चिंतन होना चाहिए। तभी हम वीतराग पथ की ओर अग्रसर हो सकते हैं। पहले अभिभावक अपने दैनिक जीवन में धर्म के प्रति जागरूक बने जिसे देखकर बच्चे आगे बढ़ सकते हैं। साध्वी ने सरल उदाहरण के माध्यम से वीतरागता की ओर कैसे बढे इस पर जानकारी प्रदान की। साध्वी उदित यशा जी ने हुए फरमाया कि कैसे उन्होंने अपने जीवन में सयंम का बीज बोया जिससे उनके साथ स्वयं के परिवार से छः ओर दीक्षाएं हुई। जीवन में हमको सही राह धर्म के मार्ग पर बढ़ने से मिलेगी एवं हम परम लक्ष्य की प्राप्ति कर सकते हैं।

साध्वी दीक्षा प्रभाजी ने अपने दीक्षा एवं वैराग्य संबंधित जानकारी प्रदान की। अभातेयुप उपाध्यक्ष पवन मांडोत ने अपने विचार व्यक्त करते हुए साध्वी जी से वीतराग एवं दीक्षा संबंधित कुछ प्रश्नों के उत्तर हेतु निवेदन किया। अभातेयुप बेंगलूरु संभाग प्रमुख अमित दक ने अपने विचार व्यक्त करते हुए अभिभावकों से बच्चों को ज्ञानशाला से जोड़ने हेतु निवेदन किया। कार्यशाला में लगभग 160 से अधिक सदस्यों की उपस्थिति रही। लगभग 50 से अधिक श्रावक-श्राविकों ने अपने परिवार में अगर कोई वीतराग पथ पर आगे बढ़ते हे तो उनको नहीं रोकना का संकल्प लिया। इस अवसर पर राजस्थान सहाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक लादूलाल पितलिया, सभा पूर्व अध्यक्ष शांतिलाल पितलिया, राजाजीनगर सभा परिवार, महिला मंडल अध्यक्षा उषा चौधरी एवं पूरी टीम, तेयुप विजयनगर अध्यक्ष राकेश पोकरना, तेयुप गांधीनगर मंत्री रोहित कोठारी, बेंगलूरु की युवा शक्ति एवं श्रावक श्राविका समाज की अच्छी उपस्थिति रही। मंच संचालन एवं आभार राजेश देरासरिया ने किया।

# विराग मुनि के संयम दशक वर्ष के तहत महोत्सव आयोजित



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** पूज्य विनय कुशल मुनि जी के सुशिष्य पूज्य विराग मुनि, पूज्य भव्य मुनि जी, साध्वी जयशिशु विरतीयशा श्री जी, पूज्य विनम्रयशा श्रीजी के संयम ग्रहण का दशक वर्ष दिवस कैवल्य धाम ट्रस्ट के तत्वावधान में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बेंगलूरु से भी अनेक श्रद्धालु कैवल्य धाम पहुंचे और गुरु भगवन्तों को संयम दशक वर्ष की शुभकामनाएं प्रदान करते हुए दर्शन वन्दन किए।

ललित डाकलिया ने बताया कि चारों मुमुक्षुओं की जैन भागवती दीक्षा करोड़ों रुपए की सम्पत्ति का त्याग करके डाकलिया परिवार से आज से दस वर्ष पूर्व आज ही के दिन राजस्थान के पाली शहर में पूज्य विनय कुशल मुनि जी के कर कमलों से बहुत ही हर्षोल्लास से सम्पन्न हुई थी।

विराग मुनि जी के सांसारिक पिता गौतम चंद डाकलिया ने बताया कि पिछले वर्ष आपने 171 उपवास की दीर्घ तपस्या की थी जिसका पारणा अभिग्रह फलित होने पर बालाघाट में सम्पन्न हुआ था। उस समय खरतर गच्छाधिपति आचार्य भगवंत श्री जिन मणिप्रभ सुरीश्वर जी ने आपको 'तप चक्रवर्ती' की उपाधि प्रदान की थी। आज संयम दशक वर्ष पर भी गुरुवर के दीर्घ उपवास जारी है और आगे समय आने पर पारणा करेंगे। इस अवसर पर सांसारिक परिवार द्वारा गुरुवर और गुरुवर्या को काम्बली ओढ़ाई गई और केसर छांटना किया गया। इसी के साथ अक्षय तृतीया पर्व पर पूज्य गणाधीश पन्यास प्रवर श्री विनय कुशल मुनि जी के वर्षीतप का पारणा भी सम्पन्न होगा तथा मेडिकल कॉलेज और करोड़ों की सम्पत्ति के मालिक छोटी वय के मुमुक्षु अरिहंत जैन की जैन भागवती दीक्षा के मुहुर्त की भी घोषणा की जाएगी। इस अवसर पर डाकलिया परिवार के सदस्यों के साथ देशभर से अनेक भक्तगण कैवल्य धाम पहुंच रहे हैं।

# हिंदू आबादी में गिरावट चिंता का विषय है: सीटी रवि



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव सी.टी. रवि ने 1950 से 2015 के बीच हिंदू आबादी में गिरावट और मुस्लिम आबादी में बढ़ोतरी पर चिंता जताई है। यहां गुरुवार को पत्रकारों से बात करते हुए, उन्होंने जनसांख्यिकीय परिवर्तनों के कारण अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश के निर्माण जैसे उदाहरणों की ओर इशारा करते हुए ऐसे बदलावों के ऐतिहासिक परिणामों को नजरअंदाज करने के खिलाफ चेतावनी दी। रवि ने इस बात पर जोर दिया कि जनसांख्यिकीय बदलाव से असुरक्षा की भावना पैदा हो सकती है और संविधान की स्थिरता को खतरा हो सकता है। उन्होंने तर्क दिया कि यदि जनसंख्या जनसांख्यिकी में बदलाव जारी रहा, तो सांस्कृतिक और धार्मिक स्वतंत्रता का नुकसान हो सकता है, त्योहार और उत्सव विशिष्ट समूहों के नियंत्रण में आ जाएंगे। उन्होंने गौहत्या और लव जिहाद जैसे मुद्दों के अनियंत्रित होने पर भी चिंता जताई। इन चिंताओं के आलोक में, भाजपा नेता ने दो समाधान प्रस्तावित किये। सबसे पहले, उन्होंने धार्मिक रूपांतरणों को रोकने और जनसांख्यिकीय परिवर्तनों के खिलाफ प्रतिरोध को प्रोत्साहित करने के लिए सामाजिक जागरूकता बढ़ाने की वकालत की। दूसरे, उन्होंने इन मुद्दों के समाधान के लिए विधायी उपायों का आह्वान किया और सुझाव दिया कि सामाजिक सद्भाव बनाए रखने और सभी नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए कानून बनाए जाने की जरूरत है। रवि ने पाकिस्तान और अफगानिस्तान जैसे क्षेत्रों के ऐतिहासिक महत्व को भूलने के प्रति आगाह किया, जो कभी भारत का हिस्सा थे, और भारत के विभाजन की वास्तविकताओं और शरणार्थियों की दुर्दशा के बारे में भावी पीढ़ियों को शिक्षित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने भविष्य में इसी तरह की चुनौतियों से बचने के लिए ऐतिहासिक घटनाओं को स्वीकार करने और उनसे सीखने के महत्व पर जोर दिया।

# राज्य में लोगों को पीने का पानी नहीं, सीएम रिसॉर्ट में बैठकर जूस पी रहे: आर.अशोक



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** विधानसभा में विपक्ष के नेता आर. अशोक ने कहा कि राज्य में पीने का पानी नहीं है। मवेशियों के लिए चारा नहीं है। लेकिन मुख्यमंत्री सिद्धरामैया एकमात्र ऐसे व्यक्ति हैं जो रिसॉर्ट में अच्छी हवा, एसी और जूस का आनंद ले रहे हैं। क्या आप अकेले मौज-मस्ती करना चाहते हैं? इसे जनता को कब दिया जायेगा। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि सीएम सिद्धरामैया ने प्रधानमंत्री से सवाल पूछा है। हमें उस पर कोई आपत्ति नहीं है। उससे पहले लोगों को न्यूनतम सुविधाएं दें। यदि आप स्वयं हर चीज का मजाक उड़ाएंगे, तो जिन लोगों ने आपको वोट दिया और जीत हासिल की, उन्हें क्या करना चाहिए?

कम से कम लोगों को पीने का साफ पानी दो। उन्होंने कहा कि दूध प्रोत्साहन राशि कौन जारी करेगा, एम्बुलेंस चालकों को भुगतान कौन करेगा, रिसॉर्ट में आराम से बैठ कर प्रशासनिक मशीनरी चलाएंगे तो कैसे चलेगा। मरीजों को एंबुलेंस सुविधा नहीं मिलने से संघर्ष करना पड़ रहा है। संबंधित मंत्री यह भी नहीं पूछ रहे हैं कि उनकी न्यूनतम मांगें क्या हैं। सीएम समेत सभी लोग मौज कर रहे हैं। उन्होंने चिल्लाते हुए कहा कि विधान सौधा पर ताला लगा देना चाहिए। नारियल उत्पादकों को कोई मुआवजा नहीं दिया गया है। दो लाख बच्चे आंगनबाड़ियों में शामिल नहीं होते क्योंकि उन्हें उचित भोजन नहीं दिया जा रहा है। सीईटी प्रश्न पत्र मुद्दे के कारण छात्रों का भविष्य अनिश्चित है।

बेंगलूरु के ठेकेदारों ने काम करना बंद कर दिया है, राज्य में हिंदुओं की हत्या हो रही है लेकिन आप रिसॉर्ट में आराम से हैं। आप 20 दिन के चुनाव प्रचार में गए लेकिन मोदी ने 10 साल में एक भी छुट्टी नहीं ली, आप रिसॉर्ट में बैठे हैं और मौज कर रहे हैं। भले ही उनकी मां का निधन हो गया, प्रधानमंत्री मोदी ने अपना कर्तव्य नहीं छोड़ा। सिद्धरामैया का मोदी से कोई तुलना नहीं। इसी नीति पर चलने वाले कांग्रेस नेता राहुल गांधी के सलाहकार सैम पित्रोदा के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनके रंग के कारण ट्रेन से उतारने का उदाहरण है, बाबा साहब अंबेडकर को भी नस्लीय दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ा था।

उन्होंने शिकायत की कि कांग्रेस सैम पित्रोदा के जरिए ऐसा कर रही है। राज्य में ओक्कालिगा, लिंगायत और दलितों को क्या रंग देगी कांग्रेस? इससे पहले अशोक ने दावा किया था कि पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के बेटे एच.डी. रेवन्ना की गिरफ्तारी के बाद वोक्कालिगा समुदाय कांग्रेस के खिलाफ हो जाएगा। यहां मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, भाजपा नेता अशोक ने दावा किया कि जिस तरह दिवंगत सीएम वीरेंद्र पाटिल के साथ पार्टी द्वारा अन्याय किए जाने के बाद लिंगायत समुदाय कांग्रेस के प्रति शत्रुतापूर्ण हो गया, उसी तरह वोक्कालिगा समुदाय और पीएम एचडी देवेगौड़ा के साथ अन्याय के बाद वोक्कालिगा भी आने वाले दिनों में कांग्रेस के विरोधी हो जाएंगे। एच.डी. रेवन्ना का मामला और उनके बेटे प्रज्वल रेवन्ना का मामला अलग-अलग है। प्रज्वल के मामले की जांच की जा रही है और इसमें कोई आपत्ति नहीं है।

# मासिक अमावस्या पर जप, तप एवं स्वाध्याय



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** आचार्य श्री महाश्रमणजी द्वारा इंगित प्रत्येक मासिक अमावस्या को जप, तप एवं स्वाध्याय के तहत पंचम कार्यशाला का विशेष आयोजन युवक परिषद राजाजीनगर द्वारा स्थानीय तेरापंथ भवन राजाजीनगर में साध्वी श्री उदितयशा जी के पावन सानिध्य में किया गया। साध्वी श्रीजी ने जप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। साध्वी ने आचार्य श्री महाप्रज्ञ जी द्वारा लिखित पुस्तक के बारे में लोगों को बताया। इस अवसर पर सभा अध्यक्ष रोशनलाल कोठारी एवं सभा परिवार, महिला मंडल, प्रवक्ता उपासक महेंद्रकुमार दक, तेयुप से प्रबंध मंडल, कार्यकारिणी सदस्य एवं श्रावक-श्राविका समाज की अच्छी उपस्थिति रही। मंच संचालन एवं आभार राजेश देरासरिया ने किया।

# कर्नाटक इनरवियर एसोसिएशन का ट्रेड फेयर आगामी 16 जुलाई से



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** कर्नाटक इनरवियर एसोसिएशन के सदस्यों ने गुरुवार को पूर्वी प्लाजा में बैठक कर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी आगामी 16 से 18 जुलाई को निर्धारित ट्रेड फेयर की तैयारी को लेकर चर्चा की। सदस्यों ने बताया कि इस बार बड़े पैनामे पर व्यापार के लिए काफी बड़ा ट्रेड फेयर आयोजित किया जाएगा।

बैठक में आयोजनकर्ता कर्नाटक इनरवियर एसोसिएशन के अध्यक्ष दिलीप जैन, उपाध्यक्ष अश्विन सेमलानी, सचिव रविंद्र बंबोली, कोषाध्यक्ष प्रकाश जैन, सहसचिव सैंकी जैन, सह कोषाध्यक्ष विनोद चौहान के अलावा मूल सिंह राजपुरोहित, राजेश चोपड़ा, महिपाल जैन, गौरव शर्मा और मनीष सहित कई सदस्य उपस्थित थे। अश्विन सेमलानी ने बताया कि ट्रेड फेयर में देश भर के व्यापारी भाग लेंगे। पिछले साल की तुलना में इस बार ट्रेड फेयर को और भी बेहतर करने की योजना है, ताकि अधिक से अधिक इसका लाभ मिल सके।

# महिला से छेड़छाड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** अपने घर पर जल शोधक की सेवा लेने की तलाश में एक महिला तकनीकी विशेषज्ञ को उस समय बहुत दुख हुआ जब उसके निवास पर पहुंचे तकनीशियन ने उसके साथ यौन दुर्व्यवहार किया। दक्षिण-पूर्व बेंगलूरु के बेगुर की 30 वर्षीय निवासी जल शोधक को फिर से स्थापित करना चाहती थी, इसलिए उसने 4 मई को निर्माता के साथ सेवा का अनुरोध किया था। लेकिन किसी के नहीं आने के बाद उसने अगले दिन सेवा प्रदाता को फोन किया और एक और शिकायत दर्ज की। जिसके बाद उसके घर में तकनीशियन पहुंचा। आरोपी के उसके दरवाजे पर पहुंचने के बाद, उसने उसे अंदर जाने दिया और रसोई में काम करने चली गई। तभी आरोपी पीछे से आया और उसके साथ छेड़छाड़ की। उसकी हरकतों से चकित होकर पीड़िता उस पर चिल्लाई और उसे गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी। हालांकि अपराधी बेखौफ होकर उसकी ओर बढ़ता रहा और उसे गलत तरीके से छूने लगा। उसने उसे रसोई से बाहर धकेल दिया और खुद को अंदर बंद कर लिया। मदद मांगते हुए, उसने तुरंत पास में रहने वाली अपनी एक सहेली को बुलाया। जल्द ही उसकी सहेली का पति घटनास्थल पर पहुंचा, उसके और तकनीशियन के बीच हाथापाई हुई। उसकी सहेली के पति ने उसे डंडे से पीटा, जिससे आरोपी का काफी खून बह गया। आरोपी तुरंत अपने उपकरण छोड़कर घर से भाग गया। इसके बाद पीड़िता ने बेगुर पुलिस में आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। आरोपी को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया।

# एचडी रेवन्ना की जमानत अर्जी पर सुनवाई सोमवार तक के लिए स्थगित



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** जन प्रतिनिधियों की विशेष अदालत ने पीड़ित महिला के अपहरण मामले में पूर्व मंत्री एचडी रेवन्ना की जमानत याचिका पर सुनवाई स्थगित कर दी। मामले में न्यायिक हिरासत में चल रहे एचडी रेवन्ना की याचिका पर सुनवाई करने वाले विशेष जन प्रतिनिधि न्यायालय के न्यायाधीश संतोष गजानन भट्ट की पीठ में वरिष्ठ वकील सीवी नागेश ने एचडी रेवन्ना के लिए एक शक्तिशाली तर्क प्रस्तुत किया। रेवन्ना ने हिरासत में रहते हुए जांच में सहयोग किया है। अन्वेषक परेशान नहीं था। यह मामला काफी विस्तृत बनाया गया है। जरुरत से ज्यादा महत्व दिया गया। जैसा कि मामले में बताया गया है, पीड़िता कहां पाई गई, इसकी कोई जानकारी नहीं है। वह कैसी है? एसआईटी ने इस बारे में कुछ नहीं कहा है कि क्या हुआ। यह मामला दर्ज करके मेरे मुवक्किल को फंसाया जा रहा है। यह परेशानी पैदा करने के इरादे से किया गया था। रेवन्ना के खिलाफ दायर मामले गैरकानूनी हैं। ये मामले रेवन्ना पर लागू नहीं होते। उनके खिलाफ आनन-फानन में मामला दर्ज किया गया है। नागेश ने विस्तार से तर्क दिया कि मामला पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित और प्रचार था। अगर उन्हें जमानत मिल जाती है तो दस्तावेज नष्ट नहीं किये जायेंगे। उन्होंने गुहार लगाई कि मेरे मुवक्किल को जमानत दी जाए। रेवन्ना के वकील ने डेढ़ घंटे से ज्यादा समय तक बहस की। उन्होंने कहा हमें बहस करने के लिए समय चाहिए। एसआईटी की वकील जोयना कोठारी ने अनुरोध किया कि इसके लिए एक समय तय किया जाना चाहिए। कोर्ट ने वकील को निर्देश दिया कि आप पैरवी करना बंद करें और दलील पेश करें। दलील पेश करने वाले कोठारी ने कहा कि आरोपी के बेटे ने हिंसा की है। ये सबसे बड़ा अपराध है। क्या यह सच नहीं है कि पीड़िता का अपहरण कर लिया गया था? यह एक गंभीर मामला है। ऐसे मामलों में यदि आपको जमानत मिल जाती है और आप अन्य महिलाओं का अपहरण कर लेते हैं तो क्या होगा? मामले को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। रेवन्ना प्रभावशाली हैं। उन्होंने अनुरोध किया कि उन्हें सोमवार को आगे की दलीलें पेश करने की इजाजत दी जाये। दलील सुनने के बाद कोर्ट ने सुनवाई सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी।

# पेन ड्राइव मामले में महिलाओं को ब्लैकमेल किया तो होगी सख्त कार्रवाई : परमेश्वर

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** राज्य के गृह मंत्री डॉ. जी. परमेश्वर ने कहा कि पेन ड्राइव मामले में अगर किसी ने महिलाओं को ब्लैकमेल करने की कोशिश की तो एसआईटी सख्त कार्रवाई करेगी। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि अगर कोई वीडियो होने की बात कहकर महिलाओं को ब्लैकमेल करने की कोशिश करेगा तो एसआईटी इस पर संज्ञान लेगी। उन्होंने कहा कि इस संबंध में सरकार भी स्पष्ट निर्देश देगी। मैंने बुधवार को मामले का पूरा विवरण प्राप्त किया। जब जेडीएस कहता है कि जांच उचित नहीं है तो इसका मतलब यह नहीं है कि मुझे इसका जवाब देना होगा। सरकार ने मामले को गंभीरता से लिया है



और एसआईटी जांच चल रही है। हर दिन क्या होता है, यह खुलकर बताना संभव नहीं है। हम बहुत सी बातें नहीं जानते। उन्होंने पूछा कि क्या हर बात का जवाब देते रहना संभव है। कई विचार प्रक्रिया में हैं। इसकी व्याख्या नहीं की जा सकती। विपक्षी दल टिप्पणी कर रहे हैं। मुझे एसआईटी के पास और अधिक पीड़ितों द्वारा शिकायत दर्ज कराने की जानकारी नहीं है। एक सवाल के जवाब में परमेश्वर ने कहा कि एसआईटी अधिकारी इस बात की जांच करेंगे कि क्या पीड़ितों ने बयान दिया है कि उनके साथ यौन उत्पीड़न किया गया था। ज्ञातव्य है कि पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी ने गृह मंत्री डॉ. जी. परमेश्वर से सवाल किया था कि हासन लोकसभा क्षेत्र में अश्लील वीडियो वाली पेन ड्राइव बांटने वाले आरोपियों की जांच क्यों नहीं की गई।

पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने पूछा कि अश्लील वीडियो लीक करने वालों पर कार्रवाई क्यों नहीं की गई। उन्होंने सवाल किया कि एसआईटी जांच में केवल पूर्व मंत्री एचडी रेवन्ना और प्रज्वल रेवन्ना को ही निशाना क्यों बनाया जा रहा है।

राज्य महिला आयोग की ओर से लिखे गए पत्र में कहा गया है कि वीडियो का खुलासा करने वालों पर कार्रवाई की जाए। अब तक कुछ क्यों नहीं किया गया? उन्होंने इस बात पर भी निशाना साधा कि गृह मंत्री क्या कर रहे हैं। प्रज्वल के पूर्व कार ड्राइवर कार्तिक पर एक निजी चैनल पर बैठकर उन्हें ट्रेनिंग देने का आरोप लगाया था। कार्तिक ने सोचा होगा कि वह चट्टान को बच सकता है। उन्होंने कहा कि गिरिनगर में होने के बावजूद कार्तिक से पूछताछ क्यों नहीं की गई। पेन ड्राइव मामले में नवीन, कार्तिक और श्रेयस को नोटिस नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि रेवन्ना ने ही इसे उन्हें दिया था, इस बात पर नाराजगी व्यक्त की कि डीसीएम शिवकुमार ने वकील देवराजेगौड़ा से बात क्यों की। उनका काम क्या था, और सवाल किया कि क्या एसआईटी अधिकारियों की कोई विश्वसनीयता थी।

### सोशल मीडिया पोस्ट मामला

# बेंगलूरु पुलिस ने जेपी नड्डा, अमित मालवीय, विजयेंद्र को जारी किया समन

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** शहर पुलिस ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, कर्नाटक भाजपा प्रमुख बी.वाई.विजयेन्द्र और पार्टी के आईटी सेल के संयोजक अमित मालवीय को अधिकारियों के निर्देश के बाद भी पार्टी के सोशल मीडिया हैंडल से एक आपत्तिजनक पोस्ट नहीं हटाने के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए नोटिस जारी किया। विचाराधीन पोस्ट में कर्नाटक भाजपा के एक्स हैंडल पर अपलोड किया गया एक एनिमेटेड वीडियो शामिल था जिसमें कांग्रेस को अनुसूचित जाति, अनुसूचित



जनजाति और अन्य पिछड़े वर्गों की कीमत पर मुसलमानों का तुष्टिकरण करते हुए दिखाया गया था।

वीडियो के संबंध में कर्नाटक कांग्रेस ने रविवार को चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई थी।

शिकायतकर्ता ने दावा किया कि जेपी नड्डा और विजयेंद्र के निर्देशों के अनुसार, पोस्ट को अमित मालवीय द्वारा भाजपा के आधिकारिक हैंडल पर अपलोड किया गया था। निर्देश के बावजूद भाजपा द्वारा पोस्ट नहीं हटाने पर चुनाव आयोग ने एक्स अधिकारियों से तुरंत पोस्ट हटाने को कहा था।

### हासन यौन शोषण मामला

# कर्नाटक में महिला के अपहरण के मामले में चार और हिरासत में लिए गए

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** हासन जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ कथित यौन शोषण के मामलों की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल (एसआई) ने एक महिला के अपहरण के मामले में चार और लोगों को हिरासत में लिया है। एसआईटी के सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। एसआईटी ने प्रज्वल के पिता और होलेनरसीपुरा विधायक एचडी रेवन्ना को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है, जो परप्पाना अग्रहारा सेंट्रल जेल में न्यायिक हिरासत में हैं। 66 वर्षीय रेवन्ना पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा के बेटे हैं। पुलिस ने कहा कि मामले में उनकी भूमिका का पता लगाने के लिए चार लोगों को उठाया गया था। रेवन्ना के सहयोगी सतीश बबन्ना को भी गिरफ्तार किया गया और वह पुलिस हिरासत में है। कर्नाटक के



गृह मंत्री जी परमेश्वर ने बुधवार को कहा था कि एक तीसरे व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है, लेकिन जांच प्रक्रियाओं का हवाला देते हुए उनकी पहचान बताने से इनकार कर दिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि तीन बच्चों की मां एक महिला का कथित तौर पर उसके घर से अपहरण करने और उसे अवैध हिरासत में रखने के आरोप में सबसे पहले रेवन्ना और बबन्ना को गिरफ्तार किया गया था। महिला को बचा लिया गया है। पुलिस ने पीड़ित महिला के 20 वर्षीय बेटे की शिकायत के खिलाफ कार्रवाई की, जिसने आरोप लगाया कि उसकी मां का नाम हाल ही में लीक हुई महिलाओं के बड़े पैमाने पर स्पष्ट वीडियो में था, जिनके साथ प्रज्वल ने कथित तौर पर बलात्कार और छेड़छाड़ की थी। चारों मैसूरु के कृष्णराज नगर के रहने वाले हैं।

# सीएम सिद्धरामैया सरकारी कर्मचारियों को जल्द दे सकते हैं खुशखबरी?

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** लोकसभा चुनाव परिणाम घोषित होने और राज्य में आचार संहिता में ढील दिए जाने के बाद मुख्यमंत्री सिद्धरामैया सरकारी कर्मचारियों की लंबे समय से चली आ रही मांगों को पूरा करने के इच्छुक हैं।

सरकार सेवानिवृत्त मुख्य सचिव सुधाकर राव की अध्यक्षता वाली समिति द्वारा दी गई सिफारिशों को लागू करने के लिए तैयार है, जिससे सरकारी कर्मचारियों के वेतन संशोधन सहित कई लाभ मिलेंगे। सरकारी कर्मचारी 7वें वेतन आयोग की रिपोर्ट लागू होने का इंतजार कर रहे हैं। चुनाव आचार संहिता लागू होने से एक दिन पहले 7वें वेतन आयोग की



रिपोर्ट सरकार के पास पहुंच गई। इसलिए आचार संहिता में ढील मिलते ही सरकार ने रिपोर्ट लागू करने की तैयारी कर ली है। शिक्षक और स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों के लिए आगामी चुनाव के लिए 16 मार्च से लागू आचार संहिता 3 जून तक लागू रहेगी। राज्य विधान परिषद चुनाव के नतीजे 6 जून को आएंगे। वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव एलके अतीक ने कहा हमने शासन के सभी आदेश तैयार करने के लिए सूचित कर दिया है। हम 15 जून से पहले सभी आदेश जारी करने की कोशिश कर रहे हैं। अनुमान है कि 2024-25 के बजट में मुख्यमंत्री सिद्धरामैया द्वारा किए गए वादों को लागू करने के लिए 337 सरकारी आदेशों की आवश्यकता होगी। हमारे अनुरोध के आधार पर, चुनाव आयोग आदर्श आचार संहिता में ढील देगा। यह केस-टू-केस आधार पर होगा। मुख्यमंत्री सिद्धरामैया या किसी भी मंत्री को आधिकारिक बैठकों की अध्यक्षता करने के लिए चुनाव समिति की मंजूरी आवश्यक है। आदर्श आचार संहिता के कारण किसी भी नई घोषणा, नए आदेश जारी करना, नई निविदाएं बुलाना, नए अनुबंध देना, नए कार्य आदेश सौंपना और नई परियोजनाओं को मंजूरी देना संभव नहीं है।

अब, चूंकि राज्य में लोकसभा चुनाव खत्म हो गए हैं, कई सरकारी कर्मचारी जो इतने लंबे समय से चुनाव ड्यूटी पर थे, वे अपने काम पर लौट आए हैं। इससे प्रशासनिक मशीनरी को पुनर्जीवित करने में मदद मिलेगी। इसके बाद सरकार कई आदेश लागू करेगी। हालाँकि, राज्य कैडर के लगभग 50-60 आईएएस अधिकारियों को पूरे भारत में चुनाव ड्यूटी के लिए तैनात किया गया है। सरकारी कर्मचारियों के अपनी-अपनी नौकरी पर लौटने और आदर्श आचार संहिता में ढील दिए जाने के बाद सभी आदेश लागू होने की संभावना है। इसको लेकर सरकार ने तैयारी भी कर ली है।

# अगले चार से पांच दिनों तक बारिश की संभावना

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** पिछले पांच-छह दिनों से राज्य में प्री-मानसून बारिश हो रही है, जिससे गर्म हवा और अधिकतम तापमान थोड़ा कम हुआ है और मौसम सामान्य हो रहा है। राज्य में आंशिक रूप से बादल छाए हुए हैं और अगले चार से पांच दिनों तक बारिश जारी रहने की संभावना है। जैसे ही बारिश हो रही है, भयंकर सूखे से परेशान किसान समुदाय के चेहरे पर मुस्कान आ गई है। हल्के दबाव में गिरावट के परिणामस्वरूप राजधानी बेंगलूरु, रामनगर, कोडागु समेत राज्य के कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हुई है। कुछ जगहों पर गरज-चमक के साथ बारिश हुई तो कुछ जगहों पर तूफान के कारण पेड़ और बिजली के खंभे टूट गये। इसी तरह राज्य के दक्षिणी भीतरी इलाकों में भी



बारिश जारी रहेगी और 12 मई के बाद राज्य के सभी जिलों में बारिश की मात्रा बढ़ने की संभावना है। कल्याण कर्नाटक के हिस्से कलबुर्गी, जिसे धूप वाली भूमि के रूप में चित्रित किया गया है, में बुधवार को अधिकतम तापमान 41.2 डिग्री सेल्सियस, बागलकोट, रायचूर में 40 डिग्री सेल्सियस और बेंगलूरु शहर में 34.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राज्य के अधिकांश जिलों में अधिकतम तापमान औसत से तीन से चार डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। बारिश के बीच पता चला कि अधिकतम तापमान में करीब चार डिग्री की गिरावट आयी है। कल्याण कर्नाटक और उत्तरी कर्नाटक के कुछ जिलों को छोड़कर बाकी सभी जिलों में अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेमी से कम दर्ज किया गया। सूरज की तपिश से बेहाल लोगों को बारिश जैसा अहसास हुआ।

# पेन ड्राइव मामले ने हासन जिले को किया कलंकित: शिवलिंगेगौड़ा



**हासन/शुभ लाभ ब्यूरो।** कांग्रेस नेता के.एम. शिवलिंगेगौड़ा ने कहा कि यह जानकर बहुत दुख हुआ कि हमारे जिले में एक सेक्स स्कैंडल हुआ है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए उन्होंने कहा कि यह दुखद है कि एक ऐसे परिवार द्वारा ऐसा कृत्य किया गया है जो जिले का संप्रभु है। इस मामले ने नागरिक समाज को झकझोर कर रख दिया है। पेन ड्राइव मामला पूरी दुनिया में सुर्खियों में है। आरोपी विदेश चले गए हैं। उन्होंने कहा कि इससे हासन जिले का अपमान हुआ है, ऐसा कृत्य नहीं होना चाहिए था। सभी को दलगत मतभेदों की निंदा करनी चाहिए थी। खासतौर पर उन्होंने यौन हिंसा के वीडियो शूट किए और उन्हें दुनिया के सामने पेश किया।

इसे बर्दाश्त नहीं कर सकता। कुछ घटनाएँ चार दीवारों के बीच घटती हैं। वह घटना किस वजह से सामने आई? अगर वीडियो नहीं लिया गया होता तो बाहरी दुनिया को पता नहीं चलता। शिवलिंगे गौड़ा ने कहा कि भाजपा नेता देव राजे गौड़ा ने विधायक रेवन्ना को हासन एनआर सर्कल में पर्दा लगाने और सभी को दिखाने की चुनौती दी थी।

# एसएसएलसी परिणामों में मैसूरु जिला 85.5 प्रतिशत के साथ 7वें स्थान पर पहुंचा



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** एसएसएलसी परिणामों, जो गुरुवार को घोषित किया गया, में मैसूरु जिला 85.5 प्रतिशत के उत्तीर्ण प्रतिशत के साथ राज्य में 7वें स्थान पर पहुंच गया है, जबकि 2023 में यह 89.75 प्रतिशत के उत्तीर्ण प्रतिशत के साथ 19वें स्थान पर था। हालाँकि कुल मिलाकर राज्य में उत्तीर्ण प्रतिशत 83.89 प्रतिशत से गिरकर 73.40 प्रतिशत हो गया है। इस वर्ष मैसूरु जिले में परीक्षा देने वाले 38175 छात्रों में से 32,639 छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। मैसूरु के बी के एस वी बी हाई स्कूल, विजयनगर की छात्रा एस जान्हवी, श्री सदविद्या हाई स्कूल, विजयनगर द्वितीय चरण, मैसूरु के डीएस धनवी ने 625 अंकों में से 623 अंक हासिल करके तीसरी रैंक हासिल की है। मांड्या जिले के तुम्बाकेरे स्थित मोरारजी देसाई आवासीय विद्यालय के केसी नवनीत, हासन जिले के बेलूर तालुक के सर्वोदय कॉन्वेंट के वी अनन्या गौड़ा और यूनाइटेड हाई स्कूल ऑफ हासन के एचजी निसारगा ने 625 में से 623 अंक हासिल करके तीसरी रैंक हासिल की है। हासन जिला 86.28 प्रतिशत उत्तीर्ण प्रतिशत के साथ तीसरी रैंक से गिरकर 6वीं रैंक पर आ गया है। परीक्षा देने वाले 19560 विद्यार्थियों में से 16877 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। मांड्या जिला भी 73.59 प्रतिशत उत्तीर्ण प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान से गिरकर 19वें स्थान पर आ गया है। परीक्षा देने वाले 20529 छात्रों में से 15108 छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। चामराजनगर जिला भी 71.59 प्रतिशत उत्तीर्ण प्रतिशत के साथ 7वीं रैंक से गिरकर 24वीं रैंक पर आ गया है। परीक्षा देने वाले 11,655 छात्रों में से 8344 छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। मैसूरु और हासन दोनों जिलों ने ए ग्रेड परिणाम प्राप्त किए हैं और मांड्या और चामराजनगर जिलों ने बी प्लस ग्रेड परिणाम प्राप्त किए हैं। जबकि राज्य के 78 स्कूलों में शून्य प्रतिशत परिणाम हैं।

## कर्नाटक एसएसएलसी में 73.40 प्रतिशत छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण की

### 10.49 प्रतिशत अंकों की गिरावट देखी गई

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** राज्य में एसएसएलसी परीक्षा (1) के नतीजों में इस साल 10.49 प्रतिशत अंकों की गिरावट देखी गई है। कर्नाटक स्कूल परीक्षा और मूल्यांकन बोर्ड ने गुरुवार को यहां 73.40 के कुल उत्तीर्ण प्रतिशत के साथ परिणाम घोषित किए। 2022-23 के दौरान उत्तीर्ण प्रतिशत 83.89 था। उपस्थित हुए कुल 8,59,967 छात्रों में से 6,31,204 परीक्षा उत्तीर्ण करने में सफल रहे। मुधोल में मोरारजी देसाई आवासीय विद्यालय की अंकिता बसप्पा कोन्नूर 625 में से 625 अंक हासिल करके राज्य में शीर्ष स्थान पर रहीं। सात छात्रों ने दूसरा स्थान साझा किया। उडुपी जिला 94 उत्तीर्ण प्रतिशत के साथ राज्य में शीर्ष पर है, इसके बाद दक्षिण कन्नड़, शिवमोग्गा, कोडागु और उत्तर कन्नड़ हैं।

# कुमारस्वामी को पेन ड्राइव मुद्दे से लड़ने से कोई नहीं रोक रहा: शिवकुमार

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने गुरुवार को कहा कि जेडीएस नेता एचडी कुमारस्वामी को उनके भतीजे और हासन जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े पेन ड्राइव सेक्स स्कैंडल पर लड़ने से कोई नहीं रोक रहा है।

यहां अपने आवास के पास मीडियाकर्मियों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि कुमारस्वामी किसी भी तरह की लड़ाई लड़ने



के लिए स्वतंत्र हैं क्योंकि वह एक प्रमुख नेता और पूर्व मुख्यमंत्री हैं। प्रज्वल रेवन्ना सेक्स स्कैंडल की सीबीआई जांच की मांग को लेकर राजभवन में राज्यपाल थावर चंद गहलोत से मुलाकात के बाद कुमारस्वामी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए शिवकुमार ने कहा उन्हें जो करना है करने दीजिए। कोई उन्हें रोक नहीं रहा है। उन्होंने कहा आंध्र प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के पक्ष में चुनाव प्रचार से लौटने के बाद मैं विस्तार से जवाब दूंगा।

शिवकुमार ने कहा कि वोक्कालिगा समुदाय के मंत्री एन चेलुवरायस्वामी और कृष्णा बायरे गौड़ा ने उपमुख्यमंत्री का नाम अनावश्यक रूप से घसीटने और वोक्कालिगा समुदाय की छवि खराब करने पर जो कहा है, उसमें उन्हें और कुछ नहीं कहना है। उन्होंने वही कहा है जो वे महसूस करते हैं। मैं पहले ही अपना पक्ष स्पष्ट कर चुका हूं। हालाँकि, उन्होंने घोषणा की कि वह राज्य विधानमंडल के आगामी सत्र के दौरान सभी विवरण सामने लाएँगे।

सलाह

# निमोनिया की चिकित्सा से जुड़ी जरूरी बातें जानें



निमोनिया की गंभीरता को इसी बात से समझा जा सकता है कि भारत में लगभग हर घंटे एक बच्चा इसके चलते मौत का शिकार हो जाता है। इस बीमारी का सही समय पर सही उपचार किया जाना जरूरी है। निमोनिया को मामूली ठंड या बुखार समझ लेना एक भारी गलती हो सकती है। सर्दी, तेज बुखार, कफ, कंपकंपी, शरीर में दर्द, सिर दर्द, मांसपेशियों में दर्द आदि निमोनिया के लक्षण हैं। छोटे या नवजात बच्चों में कोई विशेष लक्षण दिखाई नहीं देता। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में हर घंटे निमोनिया से 45 बच्चों की मौत होती है।

यानी तकरीबन हर मिनट हमारे देश में एक बच्चा निमोनिया की भेंट चढ़ जाता है। इसलिए निमोनिया को मामूली बीमारी समझने की भूल न करें। निमोनिया एक खतरनाक बीमारी है। निमोनिया का इलाज उसके लक्षणों पर निर्भर करता है। सामान्यत–निमोनिया घर पर ही दवा लेने व कुछ खास सावधानी बरतने पर अपने आप ठीक हो जाता है। लेकिन लक्षण गंभीर हों, तो डॉक्टर अस्पताल में भर्ती होने की सलाह देते हैं।

निमोनिया के गंभीर लक्षण होने पर डॉक्टर सीने के एक्स रे के जरिए संक्रमण के ठीक होने के बारे मे पता करता है। जब तक संक्रमण पूरी तरह से ठीक नहीं हो जाता तब तक चिकित्सा चलती रहती है। निमोनिया के कुछ खास तरह की चिकित्सा उसके प्रकार व तीव्रता को ध्यान में रखकर की जाती है। इसके अलावा रोगी की उम्र व स्वास्थ्य को भी ध्यान में रखा जाता है। जानें क्या है निमोनिया के इलाज के विकल्प–

## अस्पताल में भर्ती होना

अगर रोगी की स्थिति नियंत्रण के बाहर है और नीचे दिए गए लक्षण दिखाई दे तों रोगी तो तुरंत अस्पताल में भर्ती कराएं–

- अगर रोगी की उम्र 65 साल से अधिक हो।
- मितली व उल्टी की समस्या होने पर।
- रक्तचाप गिरने के कारण।
- सांस की गति बढ़ने पर।
- सांस लेने में समस्या होने पर।
- अगर रोगी का तापमान सामान्य से नीचे हो।

**बच्चों में अगर नीचे दिए लक्षण दिखाई दे तों उन्हें भी तुरंत अस्पताल में भर्ती कराएं**

- अगर बच्चा तीन महीने से छोटा है।
- अगर बच्चा बहुत ज्यादा सो रहा है।
- बच्चे को सांस लेने में समस्या होने पर।
- बच्चे में ब्लड ऑक्सीजन लो होने पर
- दस्त व उल्टी होने पर
- सामान्य से कम तापमान होने पर

## एंटीबायोटिक्स

एंटीबायोटिक्स के जरिये निमोनिया के संक्रमण को रोका जा सकता है। हो सकता है कि निमोनिया के प्रकार को पहचानने और एंटीबायोटिक के चुनाव में समय लगे।और सही दवा दिए जाने पर इसका फायदा भी होने लगता है। अगर एक दवा से फायदा ना हो रहा हो तो डॉक्टर को अवश्य इस बारे में बताएं।

## एंटीवायरल चिकित्सा

वायरल निमोनिया के इलाज के लिए डॉक्टर एंटीवायरल चिकित्सा की मदद लेते हैं। इससे सामान्यत– एक से तीन हफ्तों में रोगी को आराम महसूस हो जाता है।

## जब आपको गुस्सा आये तो करे यें उपाय

अगर किसी खास घटना या परिवेश पर गुस्सा आ रहा है तो वहां से बाहर निकल जाएं। थोड़ी देर के लिए कहीं घूम आएं यानी थोड़ी देर के लिए मौजूदा स्थितियों से परे हट जाएं। किसी विश्वसनीय दोस्त से बात करें। इससे आपका मन दूसरी दिशा में डाइवर्ट हो जाएगा। कोई तरल पदार्थ लें। चाहे ठंडा पानी हो, कोल्ड कॉफी हो या फिर कोई अन्य ड्रिंक। उल्टी गिनती शुरू कर दें। म्यूजिक सुन लें या कुछ भी ऐसा करें जिससे आपका ध्यान बंट सके। तो हाथों में कलम, ब्रश–पेंट या कैमरा पकड़ लें। हो सकता है कि गुस्से में आप अपने जीवन के सर्वश्रेष्ठ सृजन को जन्म दे दें। मोबाइल, लैपटॉप या कंप्यूटर में कोई गेम खेलें। घर पर हैं तो टीवी देख सकते हैं। आराम से बैठ जाएं और गहरी–गहरी सांसें लें। अपने खानपान पर ध्यान दें। योग और मेडिटेशन करें।





# पेरियोडोंटाईटिस रोग का इलाज

स्वस्थ मसूड़े का ऊतक प्रत्येक दाँत के आसपास फिट बैठता है। पेरियोडोंटाईटिस में मसूड़ों का ऊतक बाहर फैल जाता है और थैलियाँ सी बना लेता है। प्लैक और भोजन अवशेष इन थैलियों में इकटठा हो सकता है। प्लैक में स्थित बैक्ट्रीरिया जनन करते हैं, मसूड़ों की रेखा के नीचे वृद्धि करते हैं और बैक्ट्रीरिया विष (टोक्सिन) उत्पादित करते हैं। रोग की प्रगति के साथ, थैलियाँ गहरी होती जाती हैं और मसूड़ों का ऊतक और हड्डी और नष्ट होती है और अंतत: दांत उखड़ जाता है।

पेरियोडोंटल चिकित्सा का लक्ष्य है दांतों को स्थिर रखने वाले मसूड़ों, और आसपास की हड्डी और संयोजी ऊतक में पाए जाने वाले किसी भी संक्रमण को नियंत्रित करना, और रोग की प्रगति को रोकना।

चिकित्सा विकल्पों में शामिल है– घर की देखभाल– जैसे स्वस्थ आहार, सही प्रकार से ब्रश और फ्लॉस करना। नॉन–सर्जिकल थेरेपी– हानिकारक बैक्टरिया की वृद्धि को नियंत्रित करने के लिए चिकित्सा और दवा (एंटीबायोटिक) और सर्जरी– जिन लोगों में रोग अग्रणी अवस्था में है उनमें सहायक ऊतकों को बहाल करने के लिए।

हल्के पेरियोडोंटाईटिस से ग्रस्त लोगों को घर की देखभाल और सामान्य चिकित्सा से ठीक किया जा सकता है।

अगर आपके मसूड़ों और दांतों के बीच थैलियाँ हैं जो 5 मिलीमीटर या कम गहरी हैं तो आपके दन्त चिकित्सक प्रवर्धन (स्केलिंग) और जड़ प्लेनिंग (एसआरपी)का अकेले या एंटीबायोटिक उपचार के साथ सुझाव दे सकते हैं।

स्केलिंग मसूड़ों की रेखा के ऊपर और नीचे से पट्टिका और टैटार को हटाती है। स्केलिंग उपकरणों या पराध्वनिक (अल्ट्रासोनिक) साधन द्वारा की जाती है। जड़ प्लेनिंग दांतों की जड़ों की असमानताओं को समतल कर देती है जिससे



मसूड़ों की बीमारी पैदा करने वाले प्लेक और कीटाणुओं के लिए जड़ों में जमा होना कठिन हो जाता है। चिकनी, समतल साफ सतह मसूड़ों को दांतों से पुन: जुड़ने में सहायक होती है।

आपके दंत चिकित्सक एसआरपी के साथ–साथ जीवाणु संक्रमण को नियंत्रित करने में सहयोग के लिए एंटीबायोटिक या अन्य दवाओं का निर्देश दे सकते हैं।

डॉक्सीसाईक्लिन हायक्लेट, जोकि एक स्वीकृत दवा है, को प्राय: एसआरपी के साथ संयोजन में उपयोग किया जाता है। एसआरपी बैक्टीरिया को हटाता है और डॉक्सीसाईक्लिन हायक्लेट कोलैजिनेज को दबाती है। ये एंजाइम दांतों और मसूड़ों के विनाश का कारण बनता है। मौखिक लोकल एंटीबायोटिक दवाओं का आवश्यकतानुसार निर्देश दिया जा सकता है। एंटीबायोटिक जोकि पेरियोडोन्टल थैलियों पर निरंतर जारी रखने वाली खुराक के रूप में उपयोग किये जाते हैं वे डॉक्सीसाईक्लिन हायक्लेट, क्लोरहेक्सीडीन और मिनोसाइक्लिन हैं।

आपके दन्त चिकित्सक प्लाक और जिंजीवाइटिस के नियंत्रण में सहयोग के लिए क्लोरहेक्सीडीन से मुख कुल्ला करने का सुझाव दे सकते हैं। कभी कभी संक्रमित थैली पर एंटीबायोटिक जेल, फाइबर या चिप्स लगाया जा सकता है। अगर आपका पेरियोडोंटाईटिस अग्रिम अवस्था में है। मसूड़ों और दांतों के बीच की थैलियों की गहराई 5 मिमी से ज्यादा है – आपके दंत चिकित्सक शल्य चिकित्सा (सर्जिकल) उपचार का सुझाव दे सकते हैं।



## सर्जिकल विकल्पों में शामिल है

**फ्लैप सर्जरी–** टैटार को साफ करने के लिए मसूड़ों को उठाया जाता है। इसके बाद मसूड़े को दोबारा वापिस सिल दिया जाता है ताकि ये दांत के इर्द–गिर्द निकटता से फिट जो जाए। ये उन क्षेत्रों से थैलियों को हटाता है जहां बैक्टीरिया जनन करते हैं।

**हड्डी ग्राफ्ट–** पेरियोडोंटाईटिस द्वारा ध्वस्त हड्डी को बदल दिया जाता है। बदली हुई हड्डी, हड्डी की पुनर्वृद्धि के लिए आधार प्रदान करती है जो कि दांत को स्थिरता देती है।

**कोमल ऊतक ग्राफ्ट–** ऊतक को उन क्षेत्रों में प्रतिरोपित किया जाता है जहां मसूड़े पतले होते हैं या जिन स्थानों पर मसूड़े पीछे चले गए हैं। प्रतिरोपण के लिए ऊतक प्राय: मुँह के ऊपरी भाग से लिए जाते हैं।

**निर्देशित ऊतक पुनर्जनन–** ये प्रक्रिया बैक्टीरिया द्वारा क्षतिग्रस्त हड्डी की पुनर्वृद्धि में सहायता करती है। एक विशेष जैवअनुकूलित कपड़े को आपकी हड्डी और दांत के बीच रखा जाता है। ये अवांछित ऊतक को उपचारित क्षेत्र में जाने से रोकता है।

# पत्तागोभी इन वजहों से है स्वास्थ्यवर्धक



चाऊमीन को हरा–भरा बनाने के लिए पत्तागोभी डाला जाता है तो कभी टेस्ट के लिए पत्तागोभी का सूप बना कर पिया जाता है। यह बंदगोभी भी बोली जाती है जिसकी सब्जी पूड़ी के साथ खाने में बहुत ही स्वादिष्ट लगती है। स्वाद में जितनी ये टेस्टी है गुणों में भी यह उतनी बेस्ट है। इसकी सबसे बड़ी खासियत है कि ये लगभग पूरे साल मिलती है। तो अगर आप स्वस्थ रहना चाहते हैं तो भरपूर मात्रा में पत्तागोभी खाएं और अपने शरीर को चुस्त–दुरुस्त रखें।

## पत्तागोभी के लाभ

**कैंसर से बचाए:** कैंसर से पत्तागोभी में मौजूद आइसोसाइनेट्स शरीर में एस्ट्रोजिन मेटाबॉलिज्म की प्रक्रिया को तेज कर शरीर में कैंसर से बचाए रखता है। साथ ही इसमें डिनडॉलीमेथेन (डीआईएम), सिनीग्रिन, ल्यूपेल, सल्फोरेन और इंडोल– 3 कार्बीनॉल (13 सी) जैसे जरूरी मिनरल्स पाए जाते हैं। ये सारे तत्व कैंसर से बचाव करते हैं।

**वजन कंट्रोल करें:** आज के शहरीकरण का सबसे बड़ा श्राप इंसानी जीवन में मोटापा है। पूरी दुनिया में आज हर तीसरा आदमी मोटापे से ग्रस्त हैं। लेकिन पत्तागोभी के सेवन से मोटापे से छुटकारा मिल सकता है। पत्तागोभी में कैलोरी की मात्रा बहुत कम होती है जो वजन को बढ़ने नहीं देती। मोटापा कम होने की वजह से आपका शरीर अन्य बीमारियों का भी घर नहीं बनता।


**त्वचा को बनाए स्वस्थ:** आज धूल–प्रदुषण का सबसे ज्यादा असर त्वचा पर पड़ता है जिसके त्वचा बीमार और डीहाइड्रेट हो जाती है। त्वचा को स्वस्थ बनाने का बेहतरीन उपाय है अधिक से अधिक पत्तागोभी खाएं। पत्ता गोभी में एंटीऑक्सीडेंट्स पाया जाता है। पत्तागोभी को अच्छी तरह से धोकर खाने से त्वचा स्वस्थ बने रहती है और चेहरे की चमक बरकरार रहती है।

**बालों के लिए फायदेमंद:** बाल बढ़ने के लिए सबसे ज्यादा जरूरत शरीर को विटामिन ई और सिलिकॉन की होती है। ये दोनों चीजें पत्तागोभी में प्रचूर मात्रा में पाई जाती है। पत्तागोभी के अधिक सेवन से आप खुद महसूस करेंगे की आपके बाल बढ़ रहे हैं। साथ ही पत्तागोभी का जूस शरीर में सल्फर की कमी को भी पूरा करता है। जिससे बाल मजबूत और काले बनते हैं।

**एनिमिया का इलाज है पत्तागोभी:** अधिकतर लोगों को खून की कमी होती है खासकर महिलाओं को। ऐसे लोगों को पत्तागोभी का नियमित सेवन सलाद के रुप में करना चाहिए। पत्तागोभी में फोलिक एसिड होता है जो खून की कमी को पूरा करता है। फोलिक एसिड शरीर में नए ब्लड सेल्स का निर्माण करता है जिससे शरीर में खून की कमी पूरी हो जाती है।



# मुश्किल नहीं टैनिंग से बचना, ये हैं कारगर उपाय



टैनिंग त्वचा से जुड़ी आम समस्या है। हमारी त्वचा काफी नाजुक होती है और इसके ज्यादा देर सूरज की रोशनी के संपर्क में आने से टैनिंग की समस्या पैदा होती है। वायु सेना हॉस्पिटल में त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. पायल कुंडु के अनुसार, 'शरीर में मौजूद मेलानिन हमारी त्वचा को यूवी किरणों से बचाता है, लेकिन मेलानिन प्रभावित होने पर इसका असर काफी खतरनाक हो सकता है। टैनिंग की भी यही वजह है। यह कोशिकाओं को उत्तेजित कर पहले त्वचा को झुलसाता है। ज्यादा समय के एक्सपोजर से त्वचा के कैंसर का खतरा भी हो जाता है। गोरी रंगत के लोगों के लिए टैनिंग ज्यादा खतरनाक है। एक अच्छी बात यह है कि भारतीयों में यह समस्या कम देखने को मिलती है क्योंकि यहां के लोगों के शरीर में मेलानिन की मात्रा बहुत ज्यादा होती है।'



## टैनिंग और सनबर्न में फर्क

सनबर्न और सन टैनिंग में काफी अंतर होता है। सनबर्न से त्वचा झुलस जाती है। इसके असर से चेहरे पर जलन और बुखार जैसी समस्याएं पैदा होती हैं। वहीं जब झुलसने के बाद त्वचा का रंग ज्यादा गहरा हो जाए और लाल चकत्ते जैसा बन जाए तो उसे सन टैनिंग कहा जाता है। आपकी थोड़ी–सी लापरवाही त्वचा के लिए भारी पड़ सकती है। टैनिंग का प्रभाव त्वचा पर लंबे समय तक के लिए हो सकता है। इससे त्वचा रूखी और बेजान हो जाती है। त्वचा का रंग काला पड़ जाता है। रूखे बेजान चेहरे पर झुर्रियां नजर आने लगती हैं।

## दो तरीके से होती है टैनिंग

**टैनिंग दो स्थितियों में होती है:** पहली तुरंत होने वाली टैनिंग जो सुबह–सुबह सूरज की रोशनी के लगातार संपर्क में आने से होती है और दूसरी तरह की टैनिंग तब होती है, जब हम बहुत दिनों बाद अचानक धूप के संपर्क में आते हैं। दोनों ही स्थितियों में आपको बचना चाहिए। पहली चीज आप यह कर सकती हैं कि अपने आपको प्राकृतिक तरीके से बचा कर रखें। इसके लिए टोपी, धूप का चश्मा आदि का इस्तेमाल कर सकती हैं। दूसरा केमिकल बचाव यानी बाहर निकलने से पहले सनस्क्रीन और लोशन का प्रयोग।

## अगर टैनिंग हो जाए खतरनाक

अगर टैनिंग खतरनाक स्थिति में पहुंच जाए तो उसका सही तरीके से इलाज जरूर करवाएं। इसमें माइक्रोडर्मब्रोशन, सुपरफेशियल केमिकल पील्स और विभिन्न लेजर थेरेपी द्वारा ट्रीटमेंट किया जाता है, जिसके बाद आपकी त्वचा पहले की तरफ फिर से मुलायम और निखरी हुई नजर आती है। ब्यूटीशियन कोमल बताती हैं कि टैनिंग हो जाने के बाद उसे हटाने के भी कई रास्ते हैं। दूसरे विकल्पों के तौर पर आप पील्स का प्रयोग भी कर सकती हैं जैसे ग्लाइकोलिक, लैक्टिक, साइट्रिक, कोजिक और एजिलेयिक पील्स आदि। इसके अलावा आप टैनिंग हटाने के लिए स्किन पॉलिशिंग और विटामिन सी फेशियल का सहारा भी ले सकती हैं।

## ये भी हैं कारगर उपाय

**एलोवेरा:** एलोवेरा का ताजा जेल त्वचा को राहत पहुंचाकर रंगत को निखारता है। यह त्वचा पर एक सुरक्षात्मक परत की तरह काम करता है और उसको नमी देता है। एलोवेरा के जेल में नीबू का रस मिलाकर त्वचा पर लगाएं। कुछ देर बार ठंडे पानी से धो लें।

**शहद–नीबू:** नीबू के रस में एसकॉर्बिक एसिड होता है जिससे टैनिंग का असर कम होता है। एक चम्मच शहद में नीबू की कुछ बूंदें मिलाएं। चेहरे पर लगाएं और धोएं।

**आम:** आम में एंटीऑक्सिडेंट और विटामिन सी होता है जो बालों, त्वचा और सेहत के लिए बहुत अच्छा होता है। पिग्मेंटेशन का प्रभावी तरीके से इलाज कर यह टैंनग के बाद चेहरे पर चमक लेकर आता है। आम को अच्छे से मैश करें और त्वचा पर लगाएं। कुछ देर बाद ठंडे पानी से धो दें।

**टमाटर:** टमाटर में लाइकोपिन होता है जो एक प्राकृतिक सनस्क्रीन है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सिडेंट कोशिकाओं को नष्ट होने से बचाते हैं और त्वचा के सूजन को भी कम करते हैं। टमाटर का गूदा त्वचा पर लगाएं। 10 मिनट के लिए छोड़ दें और फिर धो लें।

**आलू का रस:** आलू भी एक प्रभावी डीटैंनग एजेंट है। आलू के पेस्ट में नीबू का रस मिलाएं और त्वचा पर 20 मिनट के लिए लगाएं। ठंडे पानी से धो लें।

**पपीता:** पपीता जल्दी और प्रभावी तरीके से त्वचा में चमक लाने के लिए जाना जाता है। पके पपीते को मैश करके त्वचा पर लगाएं और दस मिनट बाद धो लें।

## रेसिपी

### आंवले का मुरब्बा



**सामग्री**

आंवला 1 किलो, चीनी 1 किलो, सिट्रिक एसिड 5 ग्राम, फिटकरी 1/2 छोटी चम्मच

**विधि**

आँवलो को धोकर कर चाकू या काटे से गोद लीजिये। दो लिटर पानी मे आधा छोटा चम्मच फिटकरी घोल लीजिये। इसी पानी मे आँवलो को 24 घंटे के लिए भिगो कर रख दीजिये। इसके बाद आँवलो को फिटकरी के पानी से धो लीजिए, और 2 मिनट तक तेज आँच पर उबलने दीजिए। चीनी को 3/4 पानी मे डालकर चाशनी तैयार कर लीजिए। उसके बाद आँवलो को 24 घंटे चाशनी मे डुबोकर कर रख दीजिए। उसके बाद निकाल लीजिए और चाशनी को फिर से गरम कर लीजिए, फिर इसमे सिट्रिक एसिड डाल दीजिए। इसके बाद चाशनी को छान लीजिए और इसमे आंवले मिला दीजिए और ठंडा होने के लिए रख दीजिए। आंवले का मुरब्बा बन कर तैयार है। जब ये ठंडे हो जाए तब इन्हे जार मे भर दीजिए।

### पुदीना खाकरा



**सामग्री**

2 कप गेहूं का आटा, 1 कप ताजी पुदीने की पत्तिया, 2 हरी मिर्च, 1 छोटा चम्मच भुने जीरे का पाउडर, 3-4 चम्मच तेल, नमक स्वादानुसार, तेल सेकने के लिए।

**विधि**

पुदीने की पत्तियों और हरी मिर्च को मिक्सी में दाल के बारीक पेस्ट बना ले। एक बड़े बर्तन में गेहूं का आटा, जीरा पाउडर, नमक और तेल मिलाये। फिर पुदीने का पेस्ट मिला के मुलायम आटा गूंध ले और एक कपडे से ढक के आधे घंटे के लिए रख दे। फिर आधे घंटे के बाद सूखा आटा लगा कर बहुत पतली रोटी बेल ले। फिर एक भारी तवे पर डाल कर दोनों तरफ हल्का हल्का तेल लगा दे, फिर एक सूती कपडे से दबा दबा के सुनहरा और कुरकुरा होने तक सेक ले। इसी तरह से सारे खाकरे सेक ले फिर ठन्डे होने पर एयर डिब्बे में बंद करके रख दे। इसे 15-20 दिन तक रख के खा सकते है।

### भाजपा के देवराजे गौड़ा के खिलाफ

# यौन उत्पीड़न, जातिसूचक गालियां देने के आरोप में मामला दर्ज

**हासन/शुभ लाभ ब्यूरो।**

होलेनरसीपुरा की एक महिला ने भाजपा नेता देवराजे गौड़ा के खिलाफ यौन उत्पीड़न और ब्लैकमेल की शिकायत दर्ज कराई है, जिन्होंने प्रज्वल रेवन्ना के कथित यौन शोषण वीडियो के बारे में पार्टी के राज्य नेतृत्व को चेतावनी दी थी। एक अलग शिकायत में देवराजे पर महिला के पति के खिलाफ जातिवादी गाली देने का भी आरोप लगाया गया है। महिला ने 1 अप्रैल को कथित यौन उत्पीड़न के बारे में शिकायत दर्ज की थी लेकिन एफआईआर में यह नहीं बताया गया है कि कथित हमले कब किए गए थे, बल्कि केवल यह उल्लेख किया गया है कि वे कई महीनों में किए गए थे। उनके पति ने बीते दिन 31 मार्च को होलेनरसीपुरा टाउन पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज



कराई थी। अपनी शिकायत में महिला ने आरोप लगाया कि वह देवराजे गौड़ा के संपर्क में तब आई जब वह और उसके पति लगभग 10 महीने पहले जमीन का एक टुकड़ा बेचने की कोशिश कर रहे थे। पीड़िता के अनुसार, आरोपी ने उन्हें जमीन के दूसरे भूखंड पर घर बनाने में मदद करने का वादा किया और उससे कहा कि अगर वह उसकी शर्तों से सहमत होगी तो वह उसे भूखंड के लिए खाता दिलाने में मदद करेगा। शिकायत में कहा गया है कि देवराजे उसे हासन जिले में ले गए और उसका यौन उत्पीड़न किया। बाद में वह उसके घर गया और फिर से उसका यौन उत्पीड़न किया। इसके अलावा, शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि फरवरी में, देवराजे ने उसे एक वीडियो कॉल पर रिकॉर्ड किया और उसे यह कहते हुए ब्लैकमेल किया कि अगर उसने सहयोग नहीं किया तो वह उसके पति को मार डालेगा। जब उसने सहयोग करने से इनकार कर दिया, तो देवराजे ने 4 फरवरी को कहा कि वह रिकॉर्ड की गई सामग्री को ऑनलाइन प्रसारित कर देगा। शिकायतकर्ता ने कहा कि उसे दूसरे आरोपी से फोन आया, जिसकी पहचान भाजपा कार्यालय कार्यकर्ता वीना के रूप में हुई, उसने उसके घर का स्थान और बैंक खाता नंबर पूछा। इसके बाद, दो अज्ञात लोग उसके घर में घुस आए और उसका यौन उत्पीड़न करने की कोशिश करने से पहले उसे धमकी दी कि वह देवराजे से जुड़े मुद्दों में अब और हस्तक्षेप न करे।

जब शिकायतकर्ता को देवराजे का फोन आया और उसने इन घटनाओं के बारे में किसी को भी सूचित न करने का आग्रह किया, तो उसने कॉल रिकॉर्ड कर ली और उससे कहा कि वह इसे पुलिस को दे देगी। इस बीच, महिला के पति द्वारा दर्ज की गई शिकायत के अनुसार, इससे पहले कि दो अज्ञात लोगों ने उसकी पत्नी को धमकी दी, देवराज ने उसे जातिवादी गालियां दीं। इस शिकायत के मुताबिक, देवराजे ने धमकी दी कि अगर परिवार पुलिस के पास गया तो वह उन्हें मार डालेगा। इसमें आगे आरोप लगाया गया कि देवराजे ने दावा किया कि वह ऐसे व्यक्ति थे जो पूर्व प्रधान मंत्री (एचडी देवेगौड़ा) के परिवार के खिलाफ गए थे। देवराजे ने कथित तौर पर प्रज्वल के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप लगाते हुए कर्नाटक भाजपा के शीर्ष अधिकारियों को एक पत्र भेजा था, जिसे राज्य अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने प्राप्त करने से इनकार कर दिया था। शिकायत के आधार पर विभिन्न धाराओं के तहत देवराजे गौड़ा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

### केंद्रीय मंत्री गिरिराज गरजे

# लव जिहाद खूब हुआ अब वोट जिहाद हो रहा

**मंदिर तोड़ने की बात उठाई**

**पटना (एजेंसियां)।**

केंद्रीय मंत्री व बेगूसराय से भारतीय जनता पार्टी से प्रत्याशी ने एक फ़िक्र से सुर्खियों में हैं। गिरिराज सिंह ने कहा कि देश की दिशा देखें। देश में जो हो रहा है, वह देखें। पूरे देश में पीएम मोदी को हराने के लिए वोट जिहाद हो रहा है। लव जिहाद हुआ, लैंड जिहाद हुआ और अब वोट जिहाद हो रहा है। इस वोट जिहाद को टक्कर देना तो पीएम मोदी के साथ एक-एक सनातनी को खड़ा होना पड़ेगा। तभी इसे टक्कर दे पाएंगे।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमसे तो आप लड़ लेंगे। आपका अधिकार है। हम आपके पास रहेंगे। हम आपकी बात को मानेंगे और सुनेंगे। लेकिन, यह समय तानाशाह का समय है। समय



जरूर बदल गया। तारीख जरूर बदल गई है। लेकिन, माहौल बिगड़ते जा रहा है। आपको पता है इसी बेगूसराय में एक अतिपिछड़े समाज का मुखिया था। उसकी हत्या हो गई। आप जानते हैं उसकी हत्या क्यों हो गई? 60 प्रतिशत वहां हिन्दू थे। 40 प्रतिशत अन्य धर्म के थे। बीरेंद्र शर्मा की हत्या हो गई। यह हत्या नहीं चुनौती थी।

गिरिराज सिंह ने कहा कि आप वोट नहीं देंगे आप राष्ट्र निर्माण में पीएम नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करेंगे। बेगूसराय के खात-ोपुर में अगर हमारा शिव मंदिर टूटता है तो कोई जाए या न जाए अगर गिरिराज को कुर्बानी देनी होगी तो मैं वहां दूंगा। अगर खातोपुर में किसी मस्जिद का एक ईंट भी उखड़ गया होता तो बेगूसराय में आग लग गई होती। लेकिन, आपकी उपस्थिति रही। बेगूसराय के लोग अगर अपना समर्थन देते तो तस्वीर कुछ और होती। मैं विनती करता हूं कि जब सनतान बचेगा तब भी आपकी जाति बचेगी।

# बिहार में लोकसभा चुनाव का पर्चा दाखिल करने आया प्रत्याशी गिरफ्तार

**भोजपुर (एजेंसियां)।**

भोजपुर में पिछले 7 मई से लोकसभा 2024 का नॉमिनेशन जारी है। एनडीए के प्रत्याशी आरके सिंह नॉमिनेशन कर चुके हैं। हर दिन कोई ना कोई निर्दलीय या लोकल पार्टी के प्रत्याशी नॉमिनेशन करने जिला समाहरणालय पहुंच रहें हैं। भोजपुर पुलिस ने नॉमिनेशन के दौरान निर्दलीय प्रत्याशी को गिरफ्तार कर लिया है। निर्दलीय प्रत्याशी लोकल पार्टी भारतीय क्रांतिवीर पार्टी के प्रत्याशी कृष्णा कुमार पासवान उर्फ वैध राज हैं जिन्हें पुलिस ने डीएम कार्यालय से ही गिरफ्तार कर लिया। दर्जनों समर्थकों के साथ आये प्रत्याशी को समझ नही आया कि यह क्या हो रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आरा में इस चुनाव में पहली बार नॉमिनेशन के दौरान किसी प्रत्याशी की गिरफ्तारी हुई है। इस मामले में भोजपुर एसपी नीरज कुमार ने बताया कि आपराधिक मामला होने के वजह से कृष्णा कुमार पासवान उर्फ वैध



राज की गिरफ्तारी हुई है।

भोजपुर एसपी नीरज कुमार ने बताया कि नॉमिनेशन करने आये कृष्णा कुमार पासवान उर्फ वैध राज पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। संदेश थाना में पहले से कई मामले हैं, जिसमे इनके द्वारा बेल लिया गया है लेकिन इस साल दर्ज केस 47/24 में इन्होने अपना बेल नही कराया था। कांड दर्ज होने के बाद से यह लगातार फ़रार चल रहे थे। तभी आज सूचना मिली कि धारा 307 के आरोपी कृष्णा कुमार पासवान उर्फ वैध राज नॉमिनेशन फाइल करने आ रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने पहले से घेराबंदी कर रखी थी।फिलहाल पुलिस ने कृष्णा कुमार पासवान उर्फ वैध राज को गिरफ्तार कर लिया है।

गिरफ्तार कृष्णा कुमार पासवान उर्फ वैध राज के समर्थकों का कहना है कि वह पहले भी कई चुनाव लड़ चुके हैं।.एमएल व एमपी समेत जिला परिषद का चुनाव भी कृष्ण कुमार लड़ चुके हैं। इनके द्वारा खुद की पार्टी बनाई गई है, जिसका नाम भरतीय क्रांतिवीर पार्टी है। फिलहाल वह पुलिस की गिरफ्त में हैं।

# जेडीएस ने राज्यपाल से पेन ड्राइव मामला सीबीआई को सौंपने का किया अनुरोध: कुमारस्वामी

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

हासन के पेन ड्राइव मामले में एसआईटी द्वारा पारदर्शी और निष्पक्ष जांच नहीं किए जाने का आरोप लगाते हुए जेडीएस ने राज्यपाल को एक याचिका सौंप कर मामले को जांच के लिए सीबीआई को सौंपने का आग्रह किया। पेन ड्राइव उजागर करने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। एक महिला के अपहरण के कथित मामले में भी संदेह पैदा हो गया है।

इसके लिए जेडीएस ने राज्यपाल से एसआईटी जांच की जगह सीबीआई जांच कराने का अनुरोध किया। पार्टी की कोर कमेटी की बैठक से पहले पत्रकारों से बात करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कहा कि राज्यपाल को बताया गया कि एसआईटी जांच का रास्ता भटक गया है। मैंने पहले दिन कहा था कि मैंने आरोप सुना है कि और जिसने भी गलत किया है उसे



सजा मिलनी चाहिए। लेकिन, इस माहौल को देखकर लगता है कि कांग्रेस के लोगों को सजा नहीं, प्रचार चाहिए। इतने दिनों की जांच पर नजर डालें तो उनकी उपलब्धि क्या है? उन्होंने मुझ पर निर्माता, मुझ पर निर्देशक और मुझ पर नायक होने का आरोप लगाया है। डीसीएम शिवकुमार इस बात से खुश हैं कि ऐसी कहानियों को किसी नायक की जरूरत नहीं होती। उन्होंने कहा कि उन्होंने मुझे नायक के रूप में स्वीकार कर लिया है। अपहृत महिला को न्यायालय के समक्ष पेश क्यों नहीं किया गया? एसआईटी सूत्र ने बताया कि उसे फार्म हाउस से लाया गया था। एसआईटी को यह बताने की जरूरत नहीं है कि इसे कहां से लिया गया था। पांच दिन बाद महिला को कोर्ट के सामने क्यों नहीं लाया जा रहा? महिला ने जज के सामने बयान क्यों नहीं दिया। मुझे नहीं पता कि 4 जून के बाद यह मुद्दा खत्म हो जाएगा या नहीं। ज्ञातव्य है कि कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने बुधवार को जद (एस) नेता एचडी कुमारस्वामी पर हासन के सांसद प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े स्पष्ट वीडियो के प्रसार के पीछे होने का आर-ोप लगाया और उन्हें ब्लैकमेलिंग का राजा और 'प्रमुख, निदेशक और कहानी का निर्माता बताया। शिवकुमार, जो राज्य कांग्रेस अध्यक्ष भी हैं, कुमारस्वामी द्वारा उन्हें कथित सेक्स वीडियो के प्रसार में प्रमुख साजिशकर्ता करार देते हुए उन्हें मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की मांग पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे। 33 वर्षीय जद (एस) सांसद, जो कुमारस्वामी के भतीजे हैं, यौन शोषण के आरोप का सामना कर रहे हैं। इस घोटाले ने राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया है और सत्तारूढ़ कांग्रेस और भाजपा-जद(एस) आपस में भिड़ गए हैं। जबकि कांग्रेस सरकार ने मामलों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है, भाजपा और जद (एस) ने मांग की है कि इसे सीबीआई को सौंप दिया जाए। कुमारस्वामी पेन-ड्राइव (स्पष्ट वीडियो क्लिप वाले) मामले के बारे में पूरी तरह से जानते हैं। एक वकील (देवराजे गौड़ा) और अन्य लोग बोल रहे हैं। कुमारस्वामी मेरा इस्तीफा चाहते हैं, ऐसा लगता है कि वोक्कालिगा नेतृत्व के लिए प्रतिस्पर्धा है। मुझे इस्तीफा देने दीजिए, जैसा वह चाहते हैं। यहां पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा एक के बाद एक को (राजनीतिक रूप से) खत्म करना कुमारस्वामी का काम है। ब्लैकमेल करना, (कुमारस्वामी) ब्लैकमेल के राजा हैं। वह हर किसी को धमकी दे रहे हैं, अधिकारी, राजनेता और क्या है उनके पास करने के लिए? इस सब पर चर्चा करना है तो चलो विधानसभा में चर्चा करते हैं।

# अमेरिका से भारत आई शादीशुदा महिला, हनीमून से लौटते ही गिरफ्तार

**पूर्णिया (एजेंसियां)।**

किशनगंज जिले से सटे भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र पानी टंकी से एक अनोखी प्रेम कहानी सामने आई है। यहां एक विदेशी महिला प्यार के लिए अपने 11 साल की बेटी को लेकर भारत आ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विदेशी महिला का नाम नैना काला पौडेल है और उसकी बेटी का नाम यूनिस बिस्वा है। ये दोनों अमेरिका के रहने वाले हैं। नैना की फेसबुक पर एक भारतीय नीमा तमांग से मुलाकात हुई। देखते ही देखते उसे फेसबुक पर एक दूसरे से प्यार हो गया। प्यार का परवान चढ़ने लगा और दोनों से एक दूसरे की जुदाई सही नहीं गई। दोनों ने एक दूसरे से शादी करके का मन बना लिया।

इसके बाद नैना अपनी बेटी के साथ नीमा तमांग से शादी करने के लिए हवाई मार्ग से 19 मार्च 2024 को अमेरिका के न्यूयॉर्क से दिल्ली पहुंची। यहां वह दो दिन रुकने के बाद 21 मार्च 2024 को नई दिल्ली से बागडोगरा पहुंचे। फिर



वहीं नीमा तमांग के घर भाटपाड़ा चाय बागान, कालचिनी पहुंची। इसके बाद 13 अप्रैल 2024 को ग्रेस वैली चर्च, भाटपाड़ा में उसने नीमा तमांग के संग शादी रचाया।

जब नीमा तमांग ने अलीपुर द्वार जिले के हैमिल्टनगंज की एक दुकान से दस हजार रुपये देकर नैना काला पौडेल और उसके बेटी का फर्जी आधार कार्ड बनाया। इसके बाद 21 अप्रैल को ही हनीमून के उद्देश्य से पानी टंकी नए पुल के रास्ते वे फ़र्जी आधार कार्ड के जरिए नेपाल गए। हनीमून मनाने के बाद 7 मई मंगलवार को वे तीनों भारत लौट रहे थे। उसी दौरान पानी टंकी सीमा पर तैनात एसएसबी की 41वीं वाहिनी के पानी टंकी बीआईटी कर्मियों ने अमेरिकी मां-बेटी नैना काला पौडेल (40) और यूनिस बिस्वा (11) को पकड़ लिया।

एसएसबी ने भारतीय नागरिक नीमा तमांग (33) को भी पकड़ लिया। नैना काला पौडेल के पास 2029 तक वैध पांच साल तक भारतीय वीजा भी है। वहीं, उसकी बेटी यूनिस बिस्वा का वीजा 20 मार्च 2025 तक वैध है।

बता दें कि नीमा तमांग अलीपुरद्वार जिले के नयालाइन, भाटपाड़ा चाय बागान, कालचीनी इलाके का रहने वाला बताया गया है। एसएसबी ने अपनी आवश्यक कार्रवाई करने के बाद अमेरिकी मां-बेटी व नीमा तमांग को खोरीबाड़ी पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने बुधवार को अमेरिकी मां-बेटी व भारतीय नागरिक को पांच दिन की पुलिस रिमांड अर्जी पर सिलीगुड़ी अदालत में पेश किया। पुलिस मामले की अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है।

# विपक्षी दलों का नहीं खुलेगा खाता : चिराग

**जहानाबाद (एजेंसियां)।**

जहानाबाद लोकसभा क्षेत्र के एनडीए के जदयू प्रत्याशी चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी के नामांकन सभा में पहुंचे लोजपा आर के सुप्रीमो चिराग पासवान ने कहा कि इस बार बिहार में विपक्षी दलों का खाता नहीं



खुलने वाला है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से सभा में भीड़ उमड़ रही है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति लोगों की आस्था जगी है जो साबित करता है कि आने वाले चार जून को एक बार फिर से 400 पार कर नरेंद्र मोदी ही प्रधानमंत्री बनेंगे।

वहीं उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने तंज कसते हुए कहा कि तेजस्वी प्रसाद यादव जो मेरे छोटे भाई हैं। सभा में कुर्ता उठाकर वोट मांग रहे हैं मेरी सलाह है कि पहले वह अपना सही ढंग से इलाज करा लें। उन्होंने कहा कि आज पांच लाख नौकरी का ढिंढोरा जो पीटते चल रहे हैं। उन्हें लोगों को यह भी बताना चाहिए कि 15 साल में उनकी मां एवं पिताजी के शासनकाल में उन्होंने कितने लो-गों को नौकरी दिया और कितने लोगों को आरक्षण दिया। लालू राबड़ी के शासनकाल में नहीं तो नौकरी दिया गया और नहीं किसी को आरक्षण दिया गया। अगर आरक्षण दिया गया तो सिर्फ परिवार के लोगों को आरक्षण मिला है।

इस मौके पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि जिस तरह से पूरे भारत में इस चुनाव में युद्ध छिड़ा है एक तरफ हम लोगों का पांडवों सी सेना है तो दूसरी तरफ कौरव ही सेना है। तरह-तरह से महा गठबंधन के लोग लोगों को ठगने का कार्य कर रहे हैं। बिहार की जनता जान रही है कि अगर हम लोग थोड़ा सा भी चूक करेंगे तो 2005 के पूर्व वाली स्थिति बिहार में बन जाएगी और जंगल राज आजाएगा जंगल राज आ गया तो सड़क पर मां-बहनों का निकलना दुभर हो जाएगा।

सभा को संबोधित करते हुए हम पार्टी के सुप्रीमो एवं पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि इस बार बिहार के सभी 40 सीटों पर एनडीए प्रत्याशी की जीत होगी। उन्होंने कहा कि इस बार महागठबंधन के नेताओं के झांसे में मतदाता आने वाले नहीं हैं। इस मौके पर बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि जिस तरह से नरेंद्र मोदी एवं नीतीश कुमार की जोड़ी कार्य कर रही है इससे बिहार में तेज रफ्तार से विकास हो रही है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि आज फ़ोर लेन एवं सिक्स लेन पर चलने वाले लोग विकास कहां है पूछ रहे हैं। उन्हें शर्म आना चाहिए कि उनके राज में सड़क की स्थिति क्या थी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्टीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com